जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा

जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा,
मैंने श्याम के भरोसे सब छोड़ा,
सवारथ के रिश्तो से मैंने अपना नाता तोडा,
जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा....

चाहे किस्मत ने ली हो परीक्षा कड़ी,
चाहे गम की बदलियां हो कितनी बड़ी,
चाहे कितना जटिल हो कोई रोड़ा,
मैंने श्याम के भरोसे सब छोड़ा....

जीतता ज़िंदगी की हर बाजी रहा मैं तो,
इस की रजा में ही राजी रहा,
इस दयालु से नाता मैंने जोड़ा,
जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा.....

मुझको विशवास है श्याम आएगा,
कोई कितना भी बिगाड़े ये बनायेगा
सच्चे विशवाश पे आये ये दौड़ा,
जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा....

ना ही शिकवा कोई ना शिकायत करी,
सोनू ने न कभी कोई चाहत करी,
चाहे ज्यादा मिले थोड़ा मैंने श्याम के भरोसे सब छोड़ा,
जबसे सांवरे से नाता मैंने जोड़ा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5170/title/jabse-sanware-se-naata-maine-joda-maine-shyam-ke-bharose-sab-choda

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |